卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐 卐 जय बाबा की 卐 卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 351 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦शनिवार ♦27 सितम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# छात्र संघ चुनाव: हल्द्वानी में बवाल, लाठीचार्ज

## महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान, हल्द्वानी में बिगड़ा माहौल, पुलिस ने छोड़े आसू गैस के गोले

देहरादून/हल्द्वानी/रूद्रपुर/ रामनगर। प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में शनिवार को छात्रसंघ चुनाव के लिए मतदान हुआ। हल्द्वानी में चुनाव के दौरान जमकर बवाल हुआ। दोनों के दो गुटों में संघर्ष की स्थिति पैदा हो गयी। जिसके बाद पथराव भी हुआ। उपद्रवियों को शांत करने के लिए पुलिस ने लाठी चार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़ेजानकारी के अनुसार तीन विश्वविद्यालयों में श्रीदेव सुमन, कुमाऊं विवि व सोबन सिंह जीना विवि एवं एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के परिसरों एवं संबद्ध राजकीय व सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में छात्र संघ के लिए





शनिवार को गहमा गहमी के बीच मतदान हुआ। मतदान सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक हुआ। देर शाम परिणाम घोषित किए जाएंगे। **हल्द्वानी**- यहां छात्र संघ के दौरान भारी बवाल की स्थिति बन गयी। एमबीपीजी महाविद्यालय में आज छात्र संघ मतदान के दौरान छात्रों के दो गुटों के बीच चुनाव प्रसार व फर्जी वोटों को लेकर तीखी बहस हो गई जिससे मौके पर अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। स्थिति को भापते हुए कॉलेज के बाहर मौजूद पुलिस बल ने छात्रों पर लाठियां बरसानी शुरू कर दी। जिससे वहां मौजूद छात्रों के दोनों गुटों के साथ ही वहां खड़े सभी छात्र-छात्राओं में भगदड़ मच गई और वह जानबचाकर भागने लगे। बताया जाता है कि इस दौरान कुछ छात्रों द्वारा पथराव भी किया गया। उग्र हुए छात्रों को शांत करने के लिए पुलिस ने लाठी चार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। मारपीट व पथराव के दौरान महा विद्यालय के छात्रसंघ के उपसचिव पद पर निर्विरोध घोषित होने वाले मनोज सिंह बिष्ट घायल हो गये। उन्होंने एबीवीपी के छात्रों पर हमला करने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंचे सीओ नितिन लोहनी ने घायल मनोज बिष्ट को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने मौके पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने दो (शेष पृष्ठ सात पर)







## पंचम नवरात्र



**नवरात्र के पांचवे दिन मां भगवती के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा की जाती है। देवी का यह स्वरूप नारी शक्ति और मातृ शक्ति का प्रतीक है।**

## फैक्ट्री में श्रमिक की तबियत बिगड़ी, मौत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल की एक कंपनी में ड्यूटी के दौरान एक श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ गई। उसे उपचार को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है। परिवार के लोग भी पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक जौहरी लाल पुत्र उम्र राम भरोसे लाल निवासी थाना मिलक गुलड़िया रामपुर यूपी यहां ट्रांजिट कैंप में किराए पर रह सिडकुल की कंपनी में काम करता था। वह रोजाना की तरह शुक्रवार रात को ड्यूटी के लिए गया। यहां पर उसकी तबियत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि उसकी तबियत बिगड़ने पर कंपनी के अधिकारी पहुंचे और उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सिडकुल पुलिस मौके पर पहुंचे। सिडकुल पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

## आपसी विवाद में युवक की हत्या

देहरादून। अंबेडकर कॉलोनी, डीएल रोड में शुक्रवार देर शाम आपसी विवाद के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, दो सगे भाइयों ने अपने पड़ोसी पर धारदार हथियार से हमला किया। घायल युवक को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों आरोपी फरार हो चुके थे। कुछ ही घंटों की तलाश के बाद पुलिस ने आरोपियों निखिल और अमन पुत्र सुकिंदर सिंह, निवासी डालनवाला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक शिवम (22) का उनके चाचा से पुराना विवाद चल रहा था। शुक्रवार को इसी विवाद को लेकर कहासुनी हुई और बात बढ़ने पर दोनों भाइयों ने मिलकर शिवम पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

## फर्जी वोट डालने आया छात्र भागा

रूद्रपुर। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में आज हुए छात्र संघ के चुनाव के दौरान गेट पर चैकिंग कर रहे पुलिस कर्मियों ने फर्जी वोट डालने आये एक छात्र को पकड़ लिया परंतु वह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गया। हुआ यूं कि कालेज गेट पर चैकिंग के दौरान एक छात्र किसी और छात्र की पर्ची लेकर पहुंचा। वहां तैनात कांस्टेबल उमेश मिश्रा ने जब उसकी पर्ची को लेकर उसकी जांच करनी शुरू की तो वह छात्र घबरा गया और पलक झपकते ही वह मौके से भाग खड़ा हुआ। इस दौरान इंस्पेक्टर विजेंद्र शाह, थानाध्यक्ष पंतनगर नंदन सिंह रावत, प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ट्रांजिट कैंप, एसआई अशोक कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## भीषण गर्मी में कई छात्राओं की बिगड़ी तबियत

रूद्रपुर।रामपुर रोड स्थित सरदार भगत सिंह राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव के दौरान वोट डालने आई कई छात्राओं की तबियत बिगड़ गयी। दरअसल वोट डालने के लिए छात्र-छात्राओं का काफी देर तक लाईन में लगना पड़ा। कई छात्राएं घंटों तक धूप में खड़ी रही। जिसके चलते कई छात्राओं की तबियत बिगड़ गयी। इस बीच छात्र संघ चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी अंतिम समय तक छात्र छात्राओं से वोट के लिए गुहार लगाते नजर आये।

# धामी ने कहा सनातन का, राष्ट्र का अपमान देवभूमि में सहन नहीं करेंगे

## अभ्यर्थी गुमराह न हो, सरकार हमेशा उनके साथ है, जेहादी देवभूमि की संस्कृति को 'डेमेज' करने का रच रहे षडयंत्र

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट कहा है कि हमारी सरकार का हर फैसला यहां की युवाओं के 'फेवर' में रहा है, हमने पारदर्शी भर्ती परीक्षा, नकल विरोधी कानून के जरिए सरकारी भर्तियां की है, एक विशेष बातचीत में में श्री धामी ने कहा है कि युवाओं के बीच कांग्रेस द्वारा आयातित टुकड़े टुकड़े गैंग, शाइन बाग के राष्ट्रविरोधी, देव भूमि के सनातन विरोधी तत्व भेजे जा रहे है जिनके मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे। मुख्यमंत्री धामी से ज्वलंत मुद्दों पर की गयी बातचीत के कुछ अंश.......

**सवाल:** धामी जी यूकेएसएसएससी पेपर प्रकरण में मांग के बावजूद जांच सीबीआई को सौंपने की जगह एसआईटी को क्यों दी गई?

**जवाब:** किसी भी प्रकरण में, विशेषकर गंभीर या जघन्य आरोपों की स्थिति में, जांच सीधे सीआई को नहीं सौंपी जा सकती। पहले प्रकरण की विवेचना स्थानीय पुलिस, थाना स्तर, विशेष जांच दल (एसआईटी) अथवा अन्य सक्षम एजेंसियों द्वारा की जाती है। तथ्यों एवं साक्ष्यों के संकलन के उपरांत ही यह निर्धारित किया जाता है कि मामला सीबीआई को सौंपना आवश्यक है या नहीं। सीबीआई जांच प्रारम्भ करने से पूर्व सक्षम प्राधिकारी द्वारा अब तक की जांच का विवरण तथा सीबीआई जांच की आवश्यकता संबंधी औचित्य मांगा जाता है। आवश्यक दस्तावेज एवं तथ्यों

### मुख्यमंत्री धामी से ज्वलंत मुद्दों पर खास बातचीत



के उपलब्ध होने के पश्चात ही सीबीआई जांच पर निर्णय लिया जाता है।

**सवाल:** धामी जी इस मामले में छात्रों से सबूत क्यों मांगे जा रहे हैं?

**जवाब:** प्रकरण में एसआईटी द्वारा प्रचलित विवेचना हेतु एक माह का समय निर्धारित किया गया है। इस अवधि में प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय होगी। ऐसे में यदि किसी अभ्यर्थी, छात्र या संबंधित व्यक्ति के पास प्रकरण से जुड़ा कोई तथ्य अथवा साक्ष्य है, तो वह मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रस्तुत कर सकता है। इससे जांच को ठोस आधार प्राप्त होगा तथा निष्पक्षता सुनिश्चित होगी।

**सवाल:** धामी जी,सरकार ने पेपर रद्द क्यों नहीं किया जा रहा?

**जवाब:** 21 सितम्बर को आयोजित परीक्षा प्रक्रिया को वर्तमान में अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। जांच पूर्ण होने के पश्चात ही इसे पुन: संचालित किया जाएगा। आयोग की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद भी यदि प्रतिभागियों को असंतोष हो अथवा जांच अपूर्ण प्रतीत हो, तो नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**सवाल:** सीएम धामी जी 2022 में सामने आए पेपर के दौरान पकड़ा गया आरोपी हाकम जेल से कैसे छूट गया?

**जवाब:** किसी भी आरोपी को न्यायालय द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार हिरासत में रखा जाता है। गिरफ्तारी के उपरांत निरुद्ध रखना, जमानत देना अथवा न देना न्यायालय का अधिकार क्षेत्र है। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के पश्चात आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेजा जाता है। ट्रायल (शेष पृष्ठ सात पर)

# महापौर ने किया नैनीताल हाईवे से होली चौक तक नाला निर्माण का शिलान्यास

रूद्रपुर। वार्ड नं. 38 आवास विकास दशमेशनगर रोड के दोनों ओर नैनीताल हाईवे से होली चौक तक नाला निर्माण कार्य का महापौर विकास शर्मा ने शिलान्यास किया। उन्होंने परंपरा के अनुसार नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे जिन्होंने महापौर का माल्यार्पण कर स्वागत किया और क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने के लिए उनका आभार जताया।शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को सम्बोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करना ही नगर निगम की प्राथमिकता है, साथ ही रुद्रपुर को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर व्यवस्थित और सुंदर बनाने की दिशा में भी लगातार काम हो रहा है। उन्होंने कहा पिछले करीब सात माह के कार्यकाल में हमने एक-एक दिन जनता को समर्पित किया है। परिणाम अब ध रातल पर दिखाई देने लगे हैं। दशमेशनगर मार्ग पर नाला निर्माण न होने से वर्षों से जल निकासी की समस्या बनी हुई थी। क्षेत्रवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए नगर निगम ने इस नाले का





निर्माण सुनिश्चित किया है। अब लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी और जल निकासी व्यवस्थित होगी।महापौर ने आगे कहा कि इस मार्ग पर अतिक्रमण भी बड़ी समस्या थी। शिकायत मिलने पर पिछले दिनों नगर निगम प्रशासन ने सड़क पर लगे होर्डिंग्स व ठेलों को पहले ही हटवा दिया है और भविष्य में भी इस पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में शहर के विकास के लिए कई योजनाओं पर काम चल रहा है। आने वाले समय में शहरवासियों को कई विकास योजनाओं की सौगात मिलने वाली है।वर्तमान में त्योहारों को देखते हुए हमारा फोकस शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्त करने पर है। नैनीताल हाईवे चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो चुका है, जल्द ही काशीपुर बाईपास मार्ग समेत शहर की अन्य प्रमुख सड़कों का भी चौड़ीकरण प्रस्तावित है। इसके सर्वे की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हमारा सपना है कि रुद्रपुर भी इंदौर की तर्ज पर स्वच्छ, व्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित हो। इसके लिए जनता का सहयोग बेहद जरूरी है। नगर निगम और शहर के नागरिक मिलकर ही शहर को स्वच्छ, सुंदर और हराभरा बना सकते हैं।महापौर ने यह भी बताया कि नगर निगम निकट भविष्य में स्मार्ट ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम लागू करने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत हाईटेक सिस्टम से शहर के यातायात की निगरानी होगी और नियम तोड़ने वालों के चालान ऑटोमैटिक ऑनलाइन कटेंगे।।शिलान्यास समारोह में बड़ी संख्या में नागरिक व गणमान्य लोग मौजूद रहे। इनमें राजेश कामरा, मानस जायसवाल, मोर सिंह, विजय तोमर, राधेश शर्मा, मानवेन्द्र सिंह, नरेश उप्रेती, अगम अग्रवाल, विश्वनाथ शर्मा, आशा मुंजाल, प्रेमलता सिंह, मोहित चड्डा, हरजीत राठी, जेके शर्मा, राजेश अरोरा सहित कई लोग शामिल रहे।

# जीएसटी में कटौती पर व्यापारियों से सम्पर्क कर चर्चा की

किच्छा(उद संवाददाता)। भारत सरकार द्वारा जीएसटी में की गई कटौती को लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने नगर के व्यापारियों से संपर्क किया और जीएसटी में हुई राहत का जायजा लिया। व्यापारियों ने सरकार द्वारा किए गए सुधारों को आम जनता के लिए राहत भरा कदम बताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि जीएसटी स्लैब में अभी कई महत्वपूर्ण सुधारों की आवश्यकता बनी हुई है, खासकर कुछ सामग्रियों के स्लैब को लेकर अभी स्पष्टता नहीं है। व्यापारियों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला से कहा कि वे सरकार द्वारा जीएसटी स्लैब में बदलाव का स्वागत करते हैं, लेकिन बाजार को पटरी पर लाने के लिए और भी कदम उठाए जाने चाहिए ताकि व्यापारी मंदी का सामना न करें। व्यापारियों ने यह भी चिंता जताई कि ऑनलाइन व्यापार के कारण स्थानीय व्यापार निरंतर नुकसान उठा रहा है। खाद व्यापारी सतीश खुराना ने कहा कि सरकार द्वारा जैविक खादों पर जीएसटी घटाने से रासायनिक खादों के उपयोग पर रोक लगेगी, जिससे खेती की भूमि की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि पहले जैविक खादों पर जीएसटी अधिक होने के कारण किसानों का रासायनिक खादों का प्रयोग बढ़ गया था, जो नुकसानदायक है। जीएसटी घटने से जैविक खादों के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होगी। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की ढाणी सरकार आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए कई ठोस कदम उठा रही हैं, जिससे व्यापारियों, उपभोक्ताओं, किसानों और उद्योगों को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि पिछले लंबे समय से व्यापारी जीएसटी स्लैब में सुधार की मांग कर रहे थे, जो अब पूरा हुआ है और इससे व्यापार में गति आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि जल्द ही क्षेत्र में व्यापार फिर से तेजी से बढ़ेगा। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय अरोड़ा, महामंत्री नितिन फुटेला, जिला उपाध्यक्ष अमन मदान, तरुण मदान, नितिन मुंजाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, मनमोहन सक्सेना, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, धर्मराज जायसवाल, प्रकाश पंत सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।



# गदरपुर रामलीला में हुआ सूर्पनखा का मायाजाल मंचन

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री रामलीला कमेटी अनाज मंडी गदरपुर के तत्वावधान में चल रहे भव्य रामलीला महोत्सव का सप्तम दिवस शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस





अवसर पर भरत मिलाप एवं सूर्पनखा का मायाजाल जैसे प्रमुख दृश्य मंचित किए गए, जिन्हें देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी पंडाल में पहुंचे। अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपार जनसमूह का सहयोग ही इस रामलीला की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी इसी प्रकार से जनता का सहयोग मिलता रहेगा।सूर्पनखा की भूमिका निभाने वाले आलोक गाबा ने जब मंच पर अपने अभिनय की बेमिसाल छाप छोड़ी तो दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गुंजायमान कर दिया। वहीं भरत मिलाप का दृश्य भी अत्यंत भावुक और श्रद्धाभाव से परिपूर्ण रहा। इसके अलावा अन्य भूमिकाओं में श्रीराम रोहित पोपली,लक्ष्मण कशिश खुराना,सीता दीपक छाबड़ा,सूर्पनखा आलोक गाबा,खर युवराज कुमार,दूषण चिराग गगनेजा,भरत सागर कालड़ा, शत्रुघ्न अनमोल शर्मा,रामलीला का निर्देशन सिद्धार्थ भुसरी ने किया उनके अच्छे निर्देशन की वजह से ही सूपनखा को उनके रोल के लिए सराहा गया तथा मंच संचालन सोमनाथ छाबड़ा, राजेश अग्रवाल एवं आदित्य सुखीजा ने संभाला।इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष श्री अशोक सुधा, महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा सहित अनेक पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे।कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों को रामलीला कमेटी के पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष वर्तमान प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, चंदन सिंह न्याय, डॉक्टर ओ.पी. खुराना, अशोक हुड़िया, मुकेश पाल, डॉक्टर अंजनी कुमार, सुभाष व्यापारी, तपन, बलदेव छाबड़ा, बंटी कालड़ा, तिलक राज गंभीर, रहेस सतीश छाबड़ा, अशोक पोपली, मुलख राज अरोरा, धीरज, मुनि भुसरी, निर्मल नारंग, अनमोल भुड्डी, ऋषि भुसरी, अंकुर चावला व पारस धवन विशेष रूप से मौजूद रहे।

# गदरपुर की रामलीला में रुद्रपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारी हुए सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गदरपुर आवास विकास क्षेत्र में गत रात्रि श्री शिव पार्वती रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की लीला का भव्य मंचन सम्पन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में रुद्रपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को कमेटी की ओर से अंग वस्त्र एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। श्री शिव पार्वती रामलीला कमेटी वर्षों से इस सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए हुए है और स्थानीय कलाकार श्रद्धा, भक्ति, समर्पण एवं लगन से प्रभु श्री राम की लीला का



अनूठा प्रस्तुतीकरण करते आ रहे हैं। इस अवसर पर गदरपुर नगर पालिका के सम्मानित अध्यक्ष मनोज गुम्बर एवं गदरपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक बेहड़ भी उपस्थित रहे। उन्होंने कलाकारों और कमेटी के सदस्यों को रामलीला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कार्यक्रम में गदरपुर के व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, व्यापारी नेता पवन गाबा पल्ली, पूर्व युवा अध्यक्ष राजेश कामरा, जिलामंत्री राजकुमार सीकरी, युवा व्यापारी गौरव गांधी को सम्मानित किया गया।

# भरत मिलाप की लीला का हुआ भावपूर्ण मंचन

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री शिव मंदिर रामलीला कमेटी द्वारा शुक्रवार रात आयोजित रामलीला महोत्सव का आयोजन धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर दो मुख्य दृश्य भरत मिलाप और सूर्पनखा का मायाजाल मंचित किए गए, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पहले दृश्य में भरत मिलाप की भावुकता ने सभी का दिल छू लिया। भरत की भूमिका प्रियांशु गुप्ता, श्रीराम की भूमिका शुभम गगनेजा, लक्ष्मण की भूमिका यश कालड़ा, सीता की भूमिका कुनाल कश्यप सहित अन्य कलाकारों ने अपनी उम्दा अभिनय प्रतिभा से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस दृश्य में भरत और श्रीराम के मिलन का सजीव प्रदर्शन पंडाल में मौजूद हर व्यक्ति के लिए अत्यंत हृदयस्पर्शी था। दूसरे दृश्य में सूर्पनखा का मायाजाल प्रस्तुत किया गया। सूर्पनखा की भूमिका में वंश गुप्ता ने सशक्त अभिनय से दर्शकों की तालियां बटोरीं। काली सूर्पनखा के रूप में अनुराग माथुर, दूषण की भूमिका में ध्रुव चावला और खर के रूप में कमल कुमार ने भी जीवंत प्रस्तुति दी। सूर्पनखा का यह दृश्य नाटकीयता से भरपूर था और दर्शकों ने इसे खूब सराहा। इससे पूर्व, कमेटी के अध्यक्ष जयकिशन अरोड़ा ने गदरपुर की प्रसिद्ध किन्नर शालू और करिश्मा का मंच पर आकर सम्मान किया, जो दर्शकों के लिए एक विशेष आकर्षण रहा। महावीर दल के अध्यक्ष गौतम गगनेजा ने पूरे कार्यक्रम के दौरान संयम और अनुशासन बनाए रखते हुए व्यवस्था को कुशलतापूर्वक संभाला। रामलीला स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी और सैंकड़ों लोग इस भव्य मंचन का आनंद लेने पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन जसपाल डोगरा एवं ज्योति अरोड़ा ने प्रभावशाली ढंग से किया।





# किच्छा विधानसभा की दो ग्रामीण सड़कों के निर्माण को मिली स्वीकृति

किच्छा (उद संवाददाता)।किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने विज्ञप्ति जारी करते हुए जानकारी दी कि उनकी अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में किच्छा विधानसभा क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों के सर्वेक्षण एवं डी.पी.आर. गठन हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है। विधायक बेहड़ ने बताया कि जिन दो सड़कों को योजना में शामिल किया गया है, उनमें ग्राम शांतिपुरी में मेन रोड से उत्तर दिशा में घनश्याम पांडे के घर तक सड़क (अपग्रेडेशन) कुल लंबाई 1.30 किलोमीटर तथा ग्राम भंगा में लिंक रोड से शंकर फॉर्म खाद गोदाम के सामने से गुजरती सड़क (अपग्रेडेशन) कुल लंबाई 1. 50 किलोमीटर आदि शामिल हैं। इन दोनों सड़कों के सर्वेक्षण एवं डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) निर्माण हेतु क्रमशः 1.16 लाख और 1.34 लाख की धनराशि नाबार्ड को जारी कर दी गई है। नाबार्ड द्वारा डीपीआर तैयार कर राज्य सरकार को प्रस्तुत की जाएगी, जिसके पश्चात मार्च 2026 में राज्य सरकार द्वारा निर्माण हेतु आवश्यक बजट जारी किया जाएगा। इसके बाद नाबार्ड के माध्यम से निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। विधायक बेहड़ ने इन ग्रामीण सड़कों को मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना में शामिल किए जाने हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्राम शांतिपुरी एवं ग्राम भंगा की ये सड़कें क्षेत्रीय जनता, किसानों और विद्यार्थियों के लिए यातायात को सरल, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाएंगी, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।



# उत्तराखंड के पंचायत चुनाव पर 'सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला'

## दो वोटर लिस्ट में प्रत्याशियों के नाम की प्रविष्टि वाले मामले में उत्तराखंड निर्वाचन आयोग पर दो लाख का जुर्माना, सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने खारिज की राज्य निर्वाचन आयोग की याचिका

-अर्श-

नई दिल्ली/ देहरादून। संपन्न पंचायत चुनाव के दौरान समूचे उत्तराखंड में अच्छी खासी सुर्खियां बटोरने वाले, डबल वोटर लिस्ट में नाम से संबंधित मामले में राज्य निर्वाचन आयोग को सुप्रीम कोर्ट से जबरदस्त झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने डबल वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने के बावजूद प्रत्याशियों को पंचायत चुनाव लड़ने की अनुमति देने संबंधी राज्य चुनाव आयोग के सर्कुलर पर , नैनीताल हाईकोर्ट द्वारा लगाई गई रोक को चुनौती देने वाली राज्य निर्वाचन आयोग की याचिका बीते रोज खारिज कर दी तथा राज्य निर्वाचन आयोग पर 2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वो इस याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं है। ज्ञात हो कि उपरोक्त याचिका में राज्य निर्वाचन आयोग ने उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नैनीताल हाई कोर्ट के 11 जुलाई 2025 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसके द्वारा राज्य की कई मतदाता सूचियों में नाम वाले उम्मीदवारों (डबल वोटर लिस्ट) को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव लड़ने की अनुमति देने वाले स्पष्टीकरण परिपत्र (सर्कुलर) पर रोक लगाई गई थी। याद दिलाना होगा कि उत्तराखंड में संपन्न हाल में ही संपन्न पंचायत चुनाव में राज्य निर्वाचन आयोग ने दो जगह वोटर लिस्ट में नाम वाले व्यक्ति को मतदान करने और चुनाव लड़ने की अनुमति दी थी तथा इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से



स्पष्टीकरण देते हुए एक सर्कुलर भी जारी किया गया था। इस सर्कुलर को नैनीताल हाई कोर्ट में चुनौती दिए जाने पर हाईकोर्ट की ओर से स्पष्टीकरण परिपत्र पर रोक का आदेश पारित कर दिया गया था ।जिसे राज्य निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी ।सुप्रीम कोर्ट ने 26 सितंबर को निर्वाचन आयोग की याचिका खारिज करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील से पूछा कि आप वैधानिक प्रावधान के विपरीत फैसला कैसे दे सकते हैं? सुप्रीम कोर्ट ने आगे स्पष्ट किया कि यह स्पष्टीकरण प्रथम दृष्टया उल्लेखित वैधानिक प्रावधानों के विपरीत प्रतीत होता है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह कानून स्पष्ट रूप से एक से ज्यादा प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों या एक से अधिक मतदाता सूची में मतदाता के पंजीकरण को प्रतिबंधित करता है और यह एक वैधानिक बाधा है। स्मरण हो कि जुलाई में नैनीताल हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी स्पष्टीकरण उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम 2016 की धारा 9(6) और 9(7) के स्पष्ट प्रावधानों के खिलाफ है, जो किसी व्यक्ति को एक से ज्यादा निर्वाचन क्षेत्रों या मतदाता सूचियों में पंजीकृत होने से रोकता है। उल्लेखनीय है कि इसी साल जुलाई महीने में उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हुए थे। जो कई वजहों से सुर्खियों में रहे थे । खासकर दो जगह वोटर लिस्ट वाले प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने, प्रत्याशियों के नामांकन रद्द करने, आरक्षण प्रस्ताव को लेकर निर्वाचन पर हाईकोर्ट की रोक, ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया में वबाल से लेकर फायर आदि की वजह से। वहीं अब सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले के बाद उत्तराखंड में यह चर्चा भी जोर पकड़ने लगी है कि क्या अब उन प्रत्याशियों , जिनके दो स्थानों पर की मतदाता सूची में नाम दर्ज थे, का निर्वाचन रद्द कर दिया जाएगा।

# निधन के बाद नेत्रदान कर सत्या रानी ने दिया अनमोल उपहार

रूद्रपुर। वसुंधरा इन्क्लेव फेज-2 निवासी समाजसेवी अशोक दुआ, राजेश दुआ, राकेश दुआ की माता जी श्रीमती सत्या रानी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। उनके असमय निधन के पश्चात परिवारजनों ने उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए नेत्रदान का पुण्य कार्य संपन्न कराया, जो मानवता के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता का परिचायक है। नेत्रदान के इस महत्वपूर्ण और कार्य को सफल बनाने में भारत विकास परिषद के नेत्रदान सेवा प्रकल्प के सहसंयोजक संजय ठुकराल ने परिवार से सम्पर्क कर मुरादाबाद स्थित सीएलगुप्ता आई इंस्टीट्यूट के साथ समन्वय किया। नेत्रदान टीम द्वारा ऑपरेशन कर इस पुण्य कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इस महान उपकार से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को रोशनी मिलेगी और श्रीमती सत्या देवी का यह अमूल्य दान जीवन को उजियारा प्रदान करेगा। इस मानवता के प्रेरणादायक कार्य के अवसर पर किच्छा के क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित संजय कुमार, मुकेश नारंग, अमित नारंग, अजय नारायण, अशोक कालरा, बॉबी टुटेजा, सुभाष गगनेजा, खैराती लाल गगनेजा, उज्जवल, सोनू, महेंद्र पोपली, सुदर्शन बजाज, सुशील बजाज समेत सैकड़ों लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया और परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। साथ ही नेत्रदान के इस पुण्य कार्य की भी जमकर प्रशंसा की।



# विद्यार्थियों को रेबीज से बचाव के प्रति किया जागरूक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सूरजमल नर्सिंग कॉलेज, किच्छा में रेबीज से बचाव एवं जन जागरूकता विषय पर एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल रेबीज जैसी घातक बीमारी के बारे में जानकारी देना था, बल्कि विद्यार्थियों एवं आमजन को इससे बचाव के उपायों और तत्काल कदमों के प्रति सजग एवं जागरूक बनाना भी था।गोष्ठी की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल द्वारा की गई। जिन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में रेबीज के वैश्विक परिप्रेक्ष्य, भारत में इसके प्रभाव तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि रेबीज एक जानलेवा लेकिन पूर्णत: रोकथाम योग्य बीमारी है और समय पर टीकाकरण एवं सही जानकारी से इसके मामलों में भारी कमी लाई जा सकती है।गोष्ठी में उपस्थित छात्र-छात्राओं को पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से रेबीज के कारण, लक्षण, संचरण के माध्यम, बचाव के उपाय,



टीकाकरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, अपर मुख्य चिकित्सा नअधिकारी डॉ. हरेंद्र मालिक ने रेबीज वैक्सीनेशन के विभिन्न चरणों, प्राथमिक उपचार व पोस्ट एक्सपोजर प्रोफाइलेक्सिस के बारे में वैज्ञानिक तथ्यों के साथ जानकारी साझा की गई।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अभिषेक सक्सेना प्रतिनिधि स्वास्थ्य मंत्री, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. संतोष पाण्डेय एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों ने भी विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि रेबीज से संबंधित सबसे बड़ी चुनौती ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी है। उन्होंने नर्सिंग छात्रों से अनुरोध किया कि वे जन जागरूकता अभियानों में सक्रिय भाग लें और समाज में इस विषय पर सही जानकारी पहुँचाएं। गोष्ठी के दौरान एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने रेबीज से संबंधित कई जिज्ञासाओं को विशेषज्ञों से पूछा। यह सत्र अत्यंत रोचक एवं जानकारी पूर्ण रहा। इस अवसर पर सूरजमल नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या, फैकल्टी सदस्यगण एवं सभी विभागों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।अंत में कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें आयोजकों ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों को रेबीज से बचाव के प्रति किया जागरूक प्रतिभागियों एवं विशेषज्ञ वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर दर्ज कराया केस

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। लगभग चार साल पहले हुई शादी के बाद से ही दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को लगातार प्रताड़ित किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पति आकाश मंडल, सास दीपा मंडल और ससुर नित्यानंद मंडल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। अंजना मंडल ने बताया कि 21 नवंबर 2021 को उसका विवाह शिव मंदिर वार्ड, शक्तिगढ़ निवासी आकाश मंडल के साथ हुआ था। विवाह के बाद आकाश मंडल ने स्विफ्ट कार अथवा पांच लाख रुपए की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर बार-बार मारपीट और मानसिक प्रताड़ना की घटनाएँ हुईं। विवाहिता ने बताया कि 15 अगस्त 2024 को उसके पति ने उसे पीट-पीट कर अध मरा कर दिया और बेहोशी की स्थिति में छोड़कर लालकुआं भेज दिया। होश आने के बाद उसने अपने मायके को इसकी सूचना दी। परिजनों ने समझा-बूझा कर पुन: ससुराल लौटने की बात कही, लेकिन विवाहिता का आरोप है कि सास-ससुर उसे घर में रखना नहीं चाहते थेविवाहिता अपने 2 साल की पुत्री के साथ शिव मंदिर वार्ड स्थित घर में अकेली रहती हैं और उन्हें भय है कि पति और ससुराल वाले कभी भी उन्हें नुकसान पहुँचा सकते हैं। पुलिस ने मामले में तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सिक्स सिग्मा कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस उत्साह और सेवा भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रबंधकीय सदस्य वंश डावर एवं शौर्य अरोरा, संस्थान अध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, प्रधानाचार्य फार्मेसी डॉ. प्रकाश पंत, नर्सिंग प्रधनाचार्य विवेक त्रिवेदी, मुख्य अतिथि भूधर सरकार (प्रवक्ता भूगोल व स्काउट गाइड हेड, देशबंधु इंटर कॉलेज) तथा विशिष्ट अतिथि पुनीत कुमार द्विवेदी (प्रवक्ता, अंग्रेजी) द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। रक्तदान शिविर में जवाहरलाल नेहरू जिला अस्पताल, रुद्रपुर की ब्लड बैंक टीम ने सहयोग किया। डॉ. दिव्यता, नर्सिंग ऑफिसर पिंकी बोरा, विवेक चौहान, जिसमें से 32 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छै के दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत लक्ष्यगीत से हुई, इसके पश्चात रंगारंग




अनिल, तथा सहायक जितेन्द्र बृजवाल, महेन्द्र चौधरी और शुभम भट्ट ने शिविर संचालन में अहम भूमिका निभाई। शिविर में कुल 200 छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, वाइस चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, मैनेजिंग डायरेक्टर सीए शिव अरोरा, निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सीएओ अनुभव बाठला, दीपिका नेगी, गिरीश गुरूरानी, कल्पना बिष्ट, कृष्णाशील, नेहा मंडल, चंदन सिंह, ललित भट्ट, प्रकाश बैरागी सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चंदन सिंह एवं ललित भट्ट के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# मारपीट का वीडियो वायरल,पुलिस ने दर्ज नहीं किया मुकदमा

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के ग्राम धीमरखेड़ा में 2 दिन पूर्व दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में तहरीर मिलने के बावजूद भी कार्यवाही न होने से जहाँ एक ओर पुलिस की भूमिका पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं। तो वही दूसरी ओर आरोपियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। पीड़ित पक्ष ने दोबारा पुलिस को तहरीर सोपकर कुछ युवकों पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारो से हमला करने का आरोप लगाया। हैरानी की बात तो यह है कि तहरीर मिलने और घटना की वीडियो वायरल होने के बावजूद पुलिस ने कार्यवाही करना तो दूर मुकदमा दर्ज करना भी जरूरी नहीं समझा जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पुलिस किसी अनहोनी होने का इंतजार कर रही है। अब्दुस शमी पुत्र शकील अहमद ने पुलिस को तहरीर सोपकर बताया कि दो दिन पूर्व ग्राम धीमरखेड़ा मे हुई मारपीट की घटना मे कार्यवाही ना होने से आरोपियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। अब्दुस शमी का आरोप है कि वह अपने दोस्त के साथ बाइक से जा रहे थे उसी दौरान धीमरखेड़ा प्रकरण में शामिल रहे कुछ हथियारबंद आरोपी जोकि लाल रंग की कार पर सवार होकर आए थे और उन्होंने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और जब तक वह कुछ समझ पाते तब तक कार मे सवार कुछ लोग नीचे उतरे और मारपीट करने लगे आरोप है कि सभी लोग हथियारों से लैस थे। जिनके गलत इरादों को भापकर अब्दुस शमी और उसके दोस्त ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़ित अब्दुस शमी ने पुलिस को ग्राम बलखेड़ा और मोतियापुर के कुछ युवकों के खिलाफ जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब्दुस शमी का आरोप है कि धीमरखेड़ा मामले में पुलिस के कोई ठोस कदम ना उठाने से सभी आरोपित खुलेआम घूम रहे हैं। यदि पुलिस समय रहते कार्रवाई करती तो आरोपियों की हमला करने की हिम्मत नहीं होती। अब्दुस का कहना है कि आरोपियों से उसे और उसके परिवार को जान माल का खतरा बना हुआ है ।

## गदरपुर पुलिस कर रही टाल मटोल

गदरपुर। दो दिन पूर्व हुए झगड़े में पीड़ित द्वारा तहरीर देने के बाद पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया जबकि मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है अगले दिन गदरपुर निवासी अब्दुल शमी के ऊपर कुछ आरोपियों ने हमला करने की कोशिश की इस संबंध में शिकायतकर्ता के पिता ने बताया कि हमने पुलिस को तहरीर देकर मामले से अवगत करा दिया है हालांकि जानकारी लेने पर पुलिस ने बताया कि 2 दिन पूर्व वाली घटना में कुछ लोगों का मेडिकल कराया गया है घटना से संबंधित उन्हें कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि झगड़े की तहरीर पुलिस को दे दी है और पुलिस तहरीर ना आने का बहाना बनाकर टाल मटोल करती नजर आ रही है।

# नवनियुक्त कोतवाल का शिव सेना पदाधिकारियों ने किया स्वागत

लालकुआं (उद संवाददाता)। जिला सुरक्षा प्रमुख खीमानंद बलसूनी के नेतृत्व में शिवसेनिकों ने नवनियुक्त लालकुआं कोतवाल ब्रजमोहन सिंह राणा को शॉल पहना कर शुभकामनाएं दी व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। शिवसेना प्रदेश



उपप्रमुख रूपेंद्र नागर ने बृजमोहन सिंह राणा से अपेक्षा की कि समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों की बात का ध्यान रखते व सम्मान करते हुए और अपराधियों के खिलाफ सख्त रूप अपनाया जाएगा। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष हल्द्वानी सुनील गुप्ता, लालकुआं विधान सभा प्रभारी चंदन सिंह राणा, नगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्या, मोहन राम, ललित भट्ट सहित अन्य शिव सैनिक मौजूद थे।

# बोला रावण..मारीच तू जा, माया मृग बन जा, जोगी बन आउंगा मैं







रूद्रपुर(उद संवाददाता)।मुख्य रामलीला में विगत रात्रि खर-दूषण की खरमस्तियां, स्वरूपनखा नकटी, खर-दूषण वध, सरूपनखा का रावण दरबार पहुंचना, रावण का सीता हरण करने का फैसला लेना, रावण-मारीच संवाद, तक की लीला का का मंचन हुआ। विगत रात्रि की रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि कात्यायनी मेडिकल सेंटर के डा० अजय अरोरा एवं उनकी धर्मपत्नी भारत पैथ लैब की प्रमुख डा० उपासना अरोरा, डा० ब्रहम शंकर गुपता, डा० पारस गुप्ता, श्रीमति बीना गुप्ता, पर्व अरोरा, कियांश अरोरा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रामलीला कमेटी ने सभी अतिथिगणो को माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित किया। पहले दृश्य में दंडक वन में रावण के सौतेले भाईयों खर और दूषण का राज है। उन्होनें अपने दल के साथ दंडक में दहशत मचा रखी है। हर तरफ उनका आंतक होता है। दूसरे दृश्य में दिखाया जाता है कि रावण की बहन और ऋषि विश्वश्रवा व कैकसी की पुत्री शूर्पणखा घूमते घूमते पंचवटी पहुंच जाती है। उसकी सुंदर आँखें थी, लेकिन उसके सूप जैसे बडे नाखूनों के कारण उसे शूर्पणखा कहा जाने लगा। वन में राम को देखकर वह उन पर मोहित हो गई, लेकिन राम ने मना कर दिया। लक्ष्मण के पास जानें पर लक्ष्मण उसे दुत्कार देते है। यह कम जब कई बार हो जाता है तो कोधित होकर वह सीता पर हमला करने दौडी, तो लक्ष्मण ने उसकी नाक कान काट दिए। शूर्पणखा दंडक वन में रावण के सौतेले भाईयों खर और दूषण के पास पहुंचकर अपने अपमान का बदला लेनें को कहती है दोनो पंचवटी जाकर राम को ललकारते है, लेकिन राम एक ही बाण मे उनका सेना सहित वध कर देते है। सूर्पणखा अपने भाई रावण के दरबार जा पहुंचती है और इस अपमान का बदला लेने को कहती है। रावण शूर्पणखा के अपमान के बदले सीता को हर लानें का निर्णय लेता है। रात्रि में शयन करते समय उसे स्वप्न आता है। उसे आभास हो जाता है कि सीताजी तो साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा हैं। रावण बलशाली होने के साथ ही बुद्धिमान भी होता है। इसलिये वह अपने साथ मारीच को मिलाने की सोचता है। मारीच रावण को यह सब करनें से मना है लेकिन रावण द्वारा मौत की धमकी के भय से हामी भर देता है। सूर्पनखा की भूमिका में सचिन मुंजाल, रावण की भूमिका में विशाल भुड्डी, गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर, राम की भूमिका में मनोज अरोरा, सीता की भूमिका में दीपक अग्रवाल, लक्ष्मण की भूमिका में राजकुमार कक्कड, खर मनोज मुंजाल, दूषण अभय भुड्डी, मारीच की भूमिका में मोहन लाल भुड्डी, विभीषण सचिन आनन्द, मेघनाद वैभव भुड्डी, प्रहस्त- मनोज मुंजाल ने शानदार अभिनय कर उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। संचालन मंच सचिव विजय जग्गा व संदीप धीर ने किया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के संरक्षक तिलक राज बेहड, कांग्रेस नेता राजेश प्रताप सिंह, अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर, समन्वयक नरेश शर्मा, बीना बेहड, पूर्वा बेहड, अनीषा बेहड़, मनोज गाबा, मिनाक्षी गाबा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबडा, जगदीश टंडन, अशोक गुम्बर, राजकुमार खानिजों, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, हरीश अरोरा, सुभाष खंडेलवाल, गौरव तनेजा, सुरेश बब्बर, सुशील गाबा, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, आशीष ग्रोवर आशू, हरीश सुखीजा, गौरव राज बेहड, सौरभ राज बेहड, विजय विरमानी, तेजस गाबा, अमित चावला, आशीष मिड्ढा, सुभाष तनेजा, कर्मचन्द राजदेव, विपिन नरूला, शारदा नरूला, शीतल गाबा, अन्नू अरोरा, अन्नू मुड्डी, कन्नू गुंबर, वासू गंबर, अमन गुम्बर, सन्नी आहूजा अमित वर्मा, कपिश सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, रवि अरोरा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा, वैभव ग्रोवर, माधव आन्नद, अभिषेक चौहान, पुलकित बांबा, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी, राजेश पप्पल, रोहित नागपाल, बल्लू घीक, अभिषेक खेड़ा, विजय चिलाना, आशू गंभीर, पारस अरोरा, समप्रीत ग्रोवर आदि उपस्थित थे।



## रुद्रपुर की रामलीला मंच पर पिता-पुत्र की अद्भुत जुगलबंदी

### रावण बने विशाल भुड्डी, मारीच की भूमिका में पिता मोहन लाल



रुद्रपुर। रुद्रपुर की ऐतिहासिक रामलीला में इस बार रावण और मारीच का अभिनय दर्शकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रावण की भूमिका जहां युवा कलाकार विशाल भुड्डी निभा रहे हैं, वहीं उनके पिता मोहनलाल भुड्डी मंच पर मारीच के किरदार में नजर आ रहे हैं। पिताख्पुत्र की यह जोड़ी मंच पर आते ही दर्शकों की तालियों से स्वागत पाती है। विशाल और मोहनलाल दोनों ही अनुभवी कलाकार की तरह अपने-अपने संवाद और भाव-भंगिमा से मंच पर ऐसा वातावरण रच देते हैं कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठते हैं। खासकर रावण और मारीच के बीच संवादों का आदान-प्रदान लोगों के लिए रोमांचक अनुभव बन जाता है। मंचन के दौरान दर्शक अंतिम क्षण तक डटे रहते हैं और दोनों के संवाद सुनकर खूब आनंद उठाते हैं। गौरतलब है कि भुड्डी परिवार का रामलीला से जुड़ाव कोई नया नहीं है। इस परिवार की तीन पीढ़ियां लगातार प्रभु श्रीराम की सेवा में जुटी हुई हैं। रामलीला कमेटी के सदस्य बताते हैं कि भुड्डी परिवार न केवल अभिनय में बल्कि मंचन की व्यवस्थाओं में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। यही कारण है कि रामलीला मंच पर उनकी उपस्थिति दर्शकों के बीच विशेष उत्सुकता का विषय बनी रहती है। रामलीला में पिता-पुत्र की यह जुगलबंदी परंपरा और कला का अद्भुत संगम है, जिसने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि जब अभिनय समर्पण और संस्कारों से जुड़ता है तो उसका असर सीधे दर्शकों के दिलों पर होता है।

## जगदीश टंडन द्वारा निर्मित एलबम का हुआ विमोचन



रूद्रपुर ।रामलीला में दशकों से निःशुल्क फोटोग्राफी की सेवा दे रहे श्री रामलीला कमेटी के सदस्य जगदीश टंडन द्वारा अपने संस्थान के द्वारा बनायी गयी श्री रामलीला मंचन की एलबम का आज श्री रामलीला मंच पर विमोचन किया गया। श्री रामलीला कमेटी के सभी सदस्यों नें इस एलबम को सराहते हुये श्री टंडन द्वारा की जा रही निःशुल्क फोटोग्राफी की सेवा की भी भूरी भूरी प्रशंसा की।

# मेरी मईया ने कैसी सौगात दे दी, जागरण के लिए सारी रात दे दी

### श्री नीलकंठ धाम मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा नवरात्र का उत्सव,भक्तों की उमड़ रही भीड़

रुद्रपुर। शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री नीलकंठ धाम मंदिर में आयोजित हो रही माता की चौकी एवं दरबार में सैकड़ो भक्तों ने पहुंच कर महामाई और बाबा का गुणगान किया। इस दौरान भक्त भक्ति के रस में सराबोर नजर आए और भजनों पर जमकर झूमे।शुक्रवार की रात्रि सीए करुण गुप्ता के परिवार की ओर से श्री नीलकंठ ध ाम मंदिर में माता की चौकी एवं दरबार सजाया गया। माता की चौकी और दरबार में सर्वप्रथम ज्योत प्रज्जवलित कर श्री गणेश वंदना,श्री राम स्तुति, हनुमान चालीसा, श्री बालाजी महाराज, श्री भैरवनाथ और श्री प्रेतराज की आरती के साथ शुरू हुए दरबार में माता रानी, भोलेनाथ बालाजी महाराज के सुंदर-सुंदर भजन का गुणगान कर उपस्थित भक्तों को झूमने नाचने पर मजबूर कर दिया। दरबार में भजन गायक विनीत अरोरा ने श्री राम जानकी बैठे है मेरे सीने में,सुमित वार्ष्णेय ने जागरण के लिए सारी रात दे दी, शेरावाली नु पसंद किवे आयी मूहो कुज बोल चुन्नीये,रमेश राठौर ने मईया जी सानू चरणा दा रखलो सेवादार, वंशिका मनोचा ने काली मेंरी माँ पटियाले विच रेहन्दी आ, गुड्डू ने -छम्म छम्म नाचे देखो वीर हनुमाना सहित कई भजन सुनाते हुए श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। दरबार में महंत विकास शर्मा पर आई भोले बाबा, माता रानी और बाला जी महाराज की शक्तियों से भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त कर सुख शांति की कामना की। दरबार में मनोज छाबड़ा, अमित अरोड़ा बॉबी, आकाश कटारिया, राकेश सुखीजा, जगदीश बठला, संजय ठुकराल,विवेक दीप सिंह, सोनू, सचिन खुराना, राजन राठौड़, सुनील ठुकराल, सीए करुण गुप्ता,पम्मी सुखीजा, हरवेश मनोचा, संदीप मनोचा, ललित नारंग, समीर गौड,मोहित अरोड़ा, विजय तोमर, दीपक शर्मा,राजीव मनोचा,अनुज शर्मा, रोहित मदान, देवेंद्र गिरी,मुकेश शर्मा, चंदन सक्सेना, अमन खुराना, दीपक पुंशी,हरजीत राठी, पवन खनिजों, पवन रंगीला, सुशील नारंग, राघव बठला, गौरव खुराना, सोनू,संदीप वाल्मीकि, मुकेश भटनागर, काशीराम, रवींद्र वार्ष्णेय, मीना वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय, सीमा नारंग, संगीता बठला, सिमरन बठला, कंचन नारंग,पूनम मदान,नीलू खुराना, गीता शर्मा,भूमिका शर्मा,सुमन मनोचा, अनीता मनोचा, विमला रेशू सक्सेना,श्वेता, नेहा अरोड़ा, प्रिया मनोचा, मोना खुराना, राजेंद्र कौर, गुरमीत कौर, इंद्रजीत कौर, मुस्कान खनिजों, सीमा रानी,राम बेटी, चिका शर्मा, शालू राठी, सहित सैकड़ो की संख्या में भक्त भक्तानिया मौजूद थी।







# रूद्रपुर की प्रमुख सड़कों के कायाकल्प की कवायद हुई तेज

## महापौर ने अधिकारियों के साथ किया प्रमुख मार्गों का स्थलीय निरीक्षण,अटरिया रोड, भूरारानी रोड, गंगापुर रोड, सिडकुल-बगवाड़ा रोड का होगा चौड़ीकरण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और नागरिकों को जाम की समस्या से निजात दिलाने की दिशा में महापौर विकास शर्मा ने प्रयास तेज कर दिये हैं। शुक्रवार को महापौर विकास शर्मा ने शहर की प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण की योजनाओं को लेकर नगर निगम, जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ अटरिया रोड, तीन पानी डैम, बगवाड़ा रोड, गंगापुर रोड, भूरारानी रोड और काशीपुर बाईपास रोड का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अतिक्रमण की स्थिति का भी गहनता से अवलोकन किया गया।निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि यह केवल योजना स्तर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अब इन सड़कों के चौड़ीकरण को जमीन पर उतारने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। उन्होंने बताया कि गंगापुर रोड, अटरिया रोड और भूरारानी रोड के चौड़ीकरण का वायदा उन्होंने स्वयं चुनाव के दौरान जनता से किया था, और अब इन वायदों को पूरे करने की दिशा में गंभीरता से काम कर रहे हैं।निरीक्षण टीम में नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जय किशन, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटोला समेत अन्य विभागीय अधिकारी शामिल थे। महापौर और अधिकारियों की टीम ने न केवल सड़कों की चौड़ाई और मौजूदा अतिक्रमण का जायजा लिया, बल्कि निर्माण को लेकर तकनीकी चर्चा भी की।महापौर ने जानकारी दी कि अटरिया रोड, जो फिलहाल मात्र 7 मीटर चौड़ी है, उसे अतिक्रमण मुक्त कर इसे 12 मीटर चौड़ा किया जाएगा। यह सड़क नैनीताल हाईवे से सिडकुल ढाल, फिर फुलसुंगा होते हुए बगवाड़ा तक जाएगी। यह मार्ग सिडकुल और नैनीताल हाईवे को बाईपास रूप में जोड़ेगा, जिससे औद्योगिक क्षेत्र की ट्रैफिक को वैकल्पिक रास्ता मिलेगा।इसी तरह, तीन पानी डैम से दक्ष चौराहा होते हुए बगवाड़ा जाने वाली सड़क को भी 12 मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। यह भी एक तरह से बाईपास का काम करेगा। वर्तमान में महज 5.5 मीटर चौड़ी गंगापुर रोड और भूरारानी रोड को भी 12 मीटर चौड़ा कर डिवाइडर युक्त बनाया जाएगा, जिससे आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम हो सके।महापौर ने बताया कि काशीपुर बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण में कुछ तकनीकी अड़चनें जरूर हैं, लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से चर्चा कर इन समस्याओं को शीघ्र दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में व्यापारियों को भी आश्वस्त किया गया है, ताकि किसी को अधिक नुकसान न हो और विकास कार्यों में बाधा भी न आए। इंडेन गैस गोदाम को स्थानांतरित करने को लेकर भी निरीक्षण के दौरान अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया, ताकि इस क्षेत्र में प्रस्तावित विकास कार्यों में कोई रुकावट न आए।महापौर ने दोहराया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में रूद्रपुर के सर्वांगीण विकास की दिशा में नगर निगम कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा शहर की सड़कों को आधुनिक स्वरूप देने के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाना हमारी प्राथमिकता है। निर्माण कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र ही शासन को भेजे जा रहे हैं और मंजूरी मिलते ही काम युद्ध स्तर पर शुरू किया जाएगा। महापौर ने विश्वास जताया कि इन सड़कों के चौड़ीकरण से शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, जाम की समस्या में काफी हद तक कमी आएगी और जनताको राहत मिलेगी





# बेहड़ ने की रामलीला मंच निर्माण के लिए पांच लाख देने की घोषणा

किच्छा। शहरकी पुरानी गल्ला मंडी में नव युवक कला केंद्र द्वारा आयोजित रामलीला का पांचवें दिन क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधिवत उद्घाटन किया। रामलीला के प्रारंभ से पूर्व, अतिथियों का कला केंद्र के कार्यकर्ताओं द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया और सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। साथ ही नव युवक कला केंद्र ने समाचार पत्रों के पत्रकारों को भी सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने रामलीला कमेटी को मंच निर्माण हेतु 5,00,000 की विधायक निधि प्रदान करने की घोषणा की। विधायक ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, जिनके जीवन से माता-पिता के प्रति कर्तव्य का अद्भुत उदाहरण मिलता है। उन्होंने बताया कि श्री राम ने माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हुए साधारण जीवन बिताया और साथ ही जीवन के सभी महत्वपूर्ण मूल्यों का पालन किया। राम ने न केवल अधर्म का संहार किया, बल्कि कर्तव्य, दया और सहिष्णुता का भी संदेश दिया। रामलीला का मंचन राम द्वारा माता के आदेश के अनुसार वनवास के लिए जाने के विलाप से शुरू हुआ। राजा दशरथ का राम लक्ष्मण के वन जाने पर विलाप दर्शकों के दिलों को छू गया। इसके बाद राम का साधु वेश में वन को प्रस्थान करना सभी को भावुक कर गया, जिससे नव युवक कला केंद्र के कलाकारों के साथ-साथ उपस्थित जनसमूह भी आंसुओं से अभिभूत हो गया। कलाकारों और जनता ने राम को वनवास से रोकने का प्रयास किया, लेकिन राम के समझाने पर उन्होंने उन्हें जाने दिया। इस दौरान विधायक तिलक राज बेहड़, कांग्रेस नेता राजेश प्रताप सिंह, गुलशन सिंधी, कांग्रेस नेत्री सुनीता कश्यप, रामलीला कमेटी के संरक्षक लक्ष्मी नारायण आयरन, अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, डायरेक्टर डब्बू अग्रवाल, अन्य पदाधिकारी तथा अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# बंदरों को पकड़ने के लिए चला अभियान

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन बढ़ते बंदरों के आतंक से आमजन को निजात दिलाने हेतु पालिका ने विशेष अभियान चलाया। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार गुंबर (मिंटू) के दिशा-निर्देश पर अधिशासी अधिकारी कैलाश सिंह पटवाल द्वारा बंदर पकड़ने वाली टीम को बुलाया गया। टीम ने अभियान के तहत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज से कुल 18 बंदरों को सुरक्षित पकड़ा।



जिससे स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी जब तक नगर क्षेत्र बंदरों से पूर्णत: मुक्त नहीं हो जाता और नागरिक निर्भय होकर अपना दैनिक कार्य कर सकें।इस मौके पर सभी पार्षदगण, नगर पालिका के कर्मचारी एवं बंदर पकड़ने वाली टीम मौजूद रही। नगर क्षेत्र के नागरिकों ने नगर पालिका की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# धर्मपुर में डांडिया और गरबा की धूम


रुद्रपुर। राजस्थान के सीरवी समाज द्वारा आई माता भवन, धर्मपुर में नौ दिन तक चलने वाले गरबा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के पांचवें दिन महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने मिलकर रंगारंग डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। सभी उपस्थितजन माता के दरबार में झूम उठे और जोरदार जयकारों के साथ गरबा का आनंद लिया।




कार्यक्रम में सीरवी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष ओगड राम, उपाध्यक्ष मोहन लाल, कोषाध्यक्ष सजाराम सहित रमेश गेहलोत, भवर लाल, रतन लाल, वोराराम, दया राम,सुरेश ,जयंतिलाल ,राजाराम, हीरा लाल पटेल, प्रेम सिंह,जसाराम, मुकेश, देवाराम,पुनाराम,अशोक, लक्ष्मन, कैलाश,थानाराम,धनाराम,नैनाराम सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।महिलाओं में कविता, भूमिका, नम्रता, पूजा, प्यारी देवी, कंचन देवी, मंजू देवी, पुष्पा देवी, लीला, इंद्रा देवी, हंजा देवी, दगरी देवी, रेखा देवी, संगीता देवी, सुखिया देवी, मोनू, नारंगी देवी सहित अन्य सदस्य भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे थे। परंपरा के अनुसार, हर वर्ष की तरह इस बार भी माता रानी की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। गरबा कार्यक्रम आगामी दिनों तक इसी उत्साह और भक्तिभाव के साथ जारी रहेगा और नौ दिन तक चलेगा, जिसमें समाज के सभी सदस्य अपनी सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाते रहेंगे।

# आरएएन स्कूल में पुरुलिया छऊ नृत्य ने मोहा मन

रुद्रपुर। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को भारतीय सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करती एक अद्वितीय सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम स्पिक मैके (सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंग्स्ट यूथ) के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य आकर्षण लोकनृत्य पुरुलिया छऊ की मनोहारी प्रस्तुति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम रुद्रपुर के पी.सी.एस. अधिकारी श्री नरेश दुर्गापाल रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर (से.नि.)एचके राय तथा निदेशक मोहित राय उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सार्थक अरोड़ा एवं प्रमुख कलाकार श्री तारापदा राजक भी मंच पर मौजूद रहे। लोकनृत्य 'पुरुलिया छऊ' की प्रस्तुति ने उपस्थित विद्यार्थियों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकार तारापदा राजक ने अपने भावपूर्ण अभिनय एवं नृत्य के माध्यम से श्महिषासुर मर्दिनीश की पौराणिक कथा को जीवंत कर दिया। नृत्य में वीरता, नारी शक्ति और बुराई पर अच्छाई की विजय की प्रतीकात्मक प्रस्तुति ने हर दर्शक के हृदय को छू लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन, समर्पण और सौंदर्य-बोध का विकास करते हैं। हमें अपनी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। विद्यालय के निदेशक मोहित राय ने प्रस्तुति की महत्ता को रेखांकित करते हुए 'महिषासुर मर्दिनी' कथा से जुड़ी शिक्षा को विद्यार्थियों से साझा किया। उन्होंने कहा कि यह प्रस्तुति हमें सत्य, साहस और नैतिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देती है। मुख्य अतिथि नरेश दुर्गापाल ने अपने प्रेरक संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में कड़ी मेहनत, सादगी और अनुशासन अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सफलता के कोई शॉर्टकट नहीं होते, ईमानदारी और परिश्रम ही सफलता की असली कुंजी हैं।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## महिलाओं को दस हजार की सौगात

बिहार में पचहत्तर लाख महिलाओं के खाते में दस-दस हजार रुपए भेजे जाने की पहल निश्चित रूप से राज्य की महिलाओं के सशक्तीकरण की प्रक्रिया को मजबूत करने की कोशिश है। मगर वहां विधानसभा चुनावों के दिन करीब आने के साथ ही जिस तरह इसकी घोषणा की गई, उसमें राजनीतिक लाभ उठाने की मंशा को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 75 लाख महिलाओं को उनके खाते में 10-10 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए गए। अब शेष महिलाओं के खाते में पैसे कब डाले जाएंगे, सीएम नीतीश कुमार ने इसकी तारीख का ऐलान भी कर दिया। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले लाई गई मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ 75 लाख महिलाओं को मिल गया है। यह छिपा नहीं है कि बिहार में रोजी-रोजगार की तस्वीर कैसी है और उसमें बड़े पैमाने पर गरीब तबकों के परिवारों को रोजमर्रा के खर्चे जुटाने के लिए कितने जतन करने पड़ते हैं।मगर यह कोई आज अचानक उपजी स्थिति नहीं है। लंबे समय से बिहार में कमजोर तबकों के लोग रोजी-रोटी की उम्मीद में दूसरे राज्यों में जाते रहे हैं। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि ज्यादातर गरीब परिवारों के लिए दस हजार रुपए की अहमियत क्या होगी और यह राशि मुहैया कराने वालों को वे किस रूप में देखेंगे। मगर इस सहायता राशि के लिए जो कसौटियां तय की गई हैं, उसमें इसका लाभ कितने वास्तविक जरूरतमंदों को मिलेगा, यह देखने की बात होगी। सवाल है कि बिहार सरकार को ठीक चुनावों से पहले महिलाओं की सहायता करने की सुध क्यों आई, जबकि एक बड़े तबके के बीच अभाव के हालात बहुत पुराने हैं।यह बेवजह नहीं है कि इस कवायद को चुनाव में एक बड़े वर्ग के मतदान के रुख को प्रभावित करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय राजनीति में यह प्रवृत्ति काफी तेजी से मजबूत होती दिखी है कि चुनावों के मौके पर अलग-अलग राजनीतिक दल आम लोगों को मुफ्त की सौगात देने का वादा करते हैं। सत्ताधारी पार्टी या गठबंधन के दलों को सुविधा यह होती है कि वे अपनी सरकार के जरिए समाज कल्याण के नाम पर लोगों को कोई तोहफा मुहैया कराने में सबसे आगे हो सकते हैं। मगर इस क्रम में लोकतंत्र का जीवन मानी जाने वाली मतदान-प्रणाली को मुफ्त के आकर्षण से प्रभावित करने की कोशिश लगातार बढ़ती गई है। आम लोगों को मुफ्त की सौगात देकर उनका समर्थन हासिल करने की प्रवृत्ति पर सुप्रीम कोर्ट भी नाराजगी जता चुका है। इस चलन पर नैतिकता और औचित्य के सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इसे रोकने के लिए कुछ भी ठोस होता नहीं दिखता।

# जिलाधिकारी वंदना ने बबियाड़ में सुनी जनसमस्याएं

नैनीताल(उद संवाददाता)। शुक्रवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास खण्ड धारी के दुरुस्त क्षेत्र राजकीय इंटर कॉलेज बबियाड़ में जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में क्षेत्रीय जनता की समस्याएं सुनी तथा उनका मौके पर ही समाधान किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बबियाड़ गांव का पैदल भ्रमण कर भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र का भी निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने आपदा में क्षतिग्रस्त शोबन राम के घर जो आपदा में क्षतिग्रस्त हो गया था का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी धारी ने अवगत कराया की श्री शोबन राम को मकान क्षति की आर्थिक सहायता राशि तुरंत उपलब्ध करा दी गई थी।इस दौरान जिलाधिकारी ने पदमपुरी-बबियाड़ -दुधली सड़क मार्ग का लोनिवि के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नीचे कालागड़ी नदी ,गधेरे के कारण ही क्षेत्र में भूस्खलन हो रहा है इस हेतु नदी क्षेत्र से ही ट्रीटमेंट कार्य प्रारंभ कराए जाय। इस दौरान भूस्खलन की जद में आए विद्युत पोलों को भी यथाशीघ्र शिफ्ट करने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने उक्त सड़क मार्ग मैं बनी क्रिटिकल जॉन के साइड ट्रीटमेंट हेतु भी कार्रवाई के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। बहुउद्देश्यीय शिविर में क्षेत्रीय जनता द्वारा विभिन्न समस्याओं को जिलाधिकारी के सम्मुख रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से पदमपुरी-बबियाड़ सड़क में हॉटमिक्स एवं सुधारीकरण का कार्य शीघ्र करने की मांग की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त कराया कि शीघ्र ही लोनिवि द्वारा पदमपुरी-बबियाड़ सड़क में हॉटमिक्स एवं सुधारीकरण का कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा, जिस संबंध में विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कुछ



लोगों द्वारा सड़क के मलवे के कारण भविष्य में उनके घरों को होने वाले खतरे की रोकथाम की मांग की गई जिस पर जिलाधिकारी ने लोनिवि को ऐसे स्थानों में सुरक्षा दीवार का भी निर्माण करने के निर्देश दिए। शिविर में ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र में कृषि व औद्यानिकी विभाग के माध्यम से किसानों व काश्तकारों को कृषि बीज उपलब्ध न होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने कृषि, उद्यान, पशुपालन विभागों के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर क्षेत्र में गांव गांव कैम्प लगाकर कृषि बीज,उपकरण आदि सामग्री किसानों को वितरित करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न क्षेत्रीय जनता द्वारा क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों की मरम्मत किए जाने, अध्यापकों की तैनाती किए जाने की मांग रखी जिसपर मुख्य शिक्षा अधिकारी को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जो अध्यापक दूरस्थ क्षेत्र में तैनाती होते ही चिकित्सा अवकाश में चले जाते हैं, ऐसे प्रकरणों को मेडिकल बोर्ड में भेजा जाए। इस दौरान क्षेत्र में विभिन्न गांवों में झूलते विद्युत तारों को ठीक करने एवं अतिरिक्त विद्युत पोल लगाए जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को शीघ्र ही सभी गांवों का सर्वे कर तत्काल समस्या के समाधान के निर्देश दिए।शिविर में विभिन्न गांवों में क्षतिग्रस्त सिंचाई गूल की मरम्मत किए जाने के संबंध में सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग को तत्काल आपदा में प्रस्ताव तैयार कर टेंडर की प्रक्रिया एवं कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।इस दौरान क्षेत्र में गुलदार के आतंक से निजात जाने की मांग पर वन विभाग को तत्काल पिजड़ा लगाने के निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त क्षेत्र में मानसून में क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग, कृषि भूमि की मरम्मत के संबंध में खंड विकास अधिकारी को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। शिविर में कुल 112 समस्याएं जनता द्वारा पंजीकृत की गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा 350 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरित की गई। आयुर्वेदिक विभाग द्वारा 110 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा दी गई। कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा सब्सिडी में कुल 60 लोगों को कृषि बीज उपकरण व रसायन वितरित किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा 25 लोगों को पशुओ हेतु दवा दी गई। शिविर में 90 लोगों के आधार बनाए गए एवं उनमें सुधार किया गया। यू सी सी के अंतर्गत 6 प्रमाण पत्र बनाए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा 15 पेंशन संबंधित आवेदन उपलब्ध कराने के साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की छात्र-छात्राओं से भी मिली और उनसे वार्ता की। शिविर में विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, क्षेत्र प्रमुख भावना आर्या ,क्षेत्र प्रमुख दीपक पोडवाल, ग्राम प्रधान प्रकाश चंद्र, उप जिलाधिकारी के एन गोस्वामी सहित क्षेत्रीय जनता व विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा को सरकार प्रतिबद्धः धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों के कल्याण के चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों का पूरा लाभ उन्हें सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ मिले। समाज के इस वर्ग की समस्याओं का समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सचिव स्वास्थ्य को निर्देश दिए कि समय-समय पर प्रदेशभर में दिव्यांगजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाए। इन शिविरों में दिव्यांगजनों को उन्हें उपचार एवं चिकित्सा सुविधाओं के साथ ही प्रमाण-पत्र, कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण भी मौके पर ही उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने सचिव समाज कल्याण को निर्देश दिए कि बैठक में प्राप्त सुझावों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न शासकीय सेवाओं में नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान आरक्षण के प्रावधानों



के अनुसार दिव्यांगजनों को पूरा लाभ दिया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि समाज कल्याण विभाग पेंशन योजनाओं में विशेष रूप से यह सुनिश्चित करे कि जो भी पात्र व्यक्ति दिव्यांग पेंशन या अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में आते हों, उन्हें योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले। उन्होंने सभी सचिवगणों से अपेक्षा की कि दिव्यांगजनों से जुड़े मुद्दों पर विभागीय स्तर पर सतत गंभीरता से कार्यों का अनुश्रवण कर उनके हितों से सीधे जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने उन सभी सुझावों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की समस्याएँ किसी भी सरकार के लिए केवल प्रशासनिक विषय न रहकर मानवीय सरोकार से जुड़ी जिम्मेदारी भी हैं, और इसी भाव से राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। बैठक में विधायक श्री भरत चौधरी, श्रीमती सविता कपूर के साथ ही सचिव श्री श्रीधर बाबू अद्दांकी, श्री रंजीत सिन्हा, श्री चन्द्रेश कुमार, श्री वी. षणमुगम, डॉ. आर. राजेश कुमार, निदेशक समाज कल्याण श्री प्रकाश चन्द्र एवं राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# मर्यादित जीवन जीने वाले ही प्रभु कृपा के अधिकारीः हरि चैतन्यपुरी

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरिकृपा पीठाधीश्वर व संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरिकृपा आश्रम में विशाल समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सत्संग पाकर अपने जीवन में वांछित सुधार भी अवश्य करें अन्यथा विशेष लाभ से वंचित रह जाएंगे। संत, गुरु व परमात्मा का कृपापात्र वही बन सकता है जो चरित्रवान, मर्यादित, कर्तव्यपरायण, सेवा व परोपकार परिपूर्ण जीवन व्यतीत करता है। उन्होंने कहा कि आपकी कोई भी क्रिया, चेष्टा, व्यवहार या कर्म ऐसा न हो जाए जिसे देखकर कोई उंगली उठाये।अपनी गलतियों और बुराइयों को समझें व दूर करें। उन्होंने



कहा कि मनुष्य को अपने जीवन को श्रेष्ठ व मर्यादित बनाने के लिए जहाँ से अच्छाई मिले वहाँ से ग्रहण करके अपने जीवन को समाज के लिए कल्याणकारी श्रेष्ठ व मर्यादित बनाए। आत्मा व परमात्मा एक ही है मगर फिर भी अलग हैं। परमात्मा सृष्टि के कण कण में विद्यमान् है और आत्मा उसके एक अंश में, परमात्मा का आत्मा के बिना अस्तित्व है मगर आत्मा का परमात्मा के बिना कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने विवेक को सदैव जागृत रखें। माता-पिता, गुरुजनों, शास्त्र, संस्कृति के प्रति श्रद्धा आदर का भाव रखने को भी कहा।महाराज श्री के दिव्य प्रवचनों को सुनकर सभी मन्त्र मुग्ध व भावविभोर हो गये। स्थानीय, क्षेत्रीय व दूरदराज से काफी संख्या में भक्तजन पहुँचे।

# एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आपदा प्रबंधन पर दिया व्याख्यान

खटीमा(उद संवाददाता)। सिटी कॉन्वेंट स्कूल, खटीमा में चल रहे 5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी नैनीताल के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कैप्टन मृदुल शाह (भारतीय नौसेना) की उपस्थिति में जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी श्री उमाशंकर नेगी ने कैडेट्स को आपदा के समय बचाव, आत्म-सुरक्षा और दूसरों को सुरक्षित रखने के विविध उपायों की जानकारी दी।श्री नेगी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं एनसीसी कैडेट रह चुके हैं और कैडेट जीवन के दौरान प्राप्त प्रशिक्षण ने उनके व्यक्तित्व और करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि एनसीसी के माध्यम से युवा न केवल अनुशासन और नेतृत्व के गुण सीखते हैं, बल्कि सिविल और डिफेंस सेवाओं में भी उच्च पदों तक पहुंच सकते हैं।इस व्याख्यान के दौरान स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) की टीम, टीम प्रभारी एसआई नरेंद्र राणा के नेतृत्व में, विशेष रूप से उपस्थित रही। टीम ने आपदा




प्रबंधन से संबंधित उपकरणों का सजीव प्रदर्शन किया और उनके उपयोग, रखरखाव तथा प्राथमिक चिकित्सा के तरीकों को विस्तार से समझाया। कैडेट्स को स्ट्रेचर निर्माण, बेहोश व्यक्ति को सुरक्षित तरीके से ले जाने की विधि, जल में डूबे व्यक्ति के बचाव की तकनीक और सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जैसी महत्वपूर्ण जीवनरक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।कार्यक्रम के अंत में कैप्टन मृदुल शाह ने उमाशंकर नेगी और एसडीआरएफ टीम को प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया और उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एनसीसी नैनीताल से एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर भगवत सिंह बिष्ट, शिप मॉडलिंग इंस्ट्रक्टर कमलेश जोशी, चीफ इंस्ट्रक्टर रवि कुमार, विक्रांत सिंह, पेटी ऑफिसर राजेश बेनीवाल और अमर कुमार प्रधान की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मंच संचालन का दायित्व सब लेफ्टिनेंट नवीन चंद्र धूसिया ने कुशलता से निभाया।विद्यालय की ओर से प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशन डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्या शुभ्रा सक्सेना, एएनओ सब लेफ्टिनेंट वंदना जोशी, थर्ड ऑफिसर प्रवीण सिंह बोरा, सेकंड ऑफिसर अमित धारकिया, थर्ड ऑफिसर गौरव कुमार, थर्ड ऑफिसर दीप कौशिक, एडमिन ऑफिसर राजेश जोशी एवं मीडिया प्रभारी नरेश जोशी सहित शिक्षकगण और स्टाफ मौजूद रहे। वहीं नैनीताल ग्रुप एनसीसी से रमेश चंद्र तिवारी, गणेश नयाल, दीप जोशी और किरन की सहभागिता भी सराहनीय रही।

# मौलाना रिजवी 28 सितम्बर को जायेंगे सऊदी अरब

रूद्रपुर। कार्यालय उत्तराखण्ड उलेमा कौन्सिल से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि उत्तराखण्ड उलेमा कौन्सिल अध्यक्ष, अमीरे शरीअत उत्तराखण्ड, पूर्व अध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य हज समिति व मदरसा शिक्षा परिषद मौलाना जाहिद रजा रिजवी आगामी 30 सितम्बर 2025 सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का मोअज्जमा में होने वाले अन्तराष्ट्रीय इस्लामिक स्कालर्स के सम्मेलन में शिरकत के लिये सऊदी अरब रवाना होंगे। ज्ञात हो कि श्री रिजवी 28 सितम्बर को दिल्लनी से सऊदी अरब के लिये रवाना होंगे। श्री रिजवी सऊदी अरब सरकार के हज और इस्लामी मामलों के मंत्रालय के निमंत्रण पर एक सप्ताह के दौरे पर सऊदी अरब जा रहे है। जहां वो सऊदी अरब के बादशाह किंग सलमान के मेहमान रहेंगे। इस यात्रा पर श्री रिजवी के साथ उत्तराखण्ड उलेमा कोन्सिल के



सचिव, मशहूर इस्लामिक स्कालर एवं प्रख्यात वक्ध्ता, उत्तराखण्ड राज्य हज समिति के सदस्य मुफ्ती मन्नान रजा भी मौजूद रहेंगे। एक सप्ताह की इस यात्रा के दौरान श्री रिजवी को उमराह व पवित्र मक्का एवं मदीना में मुकद्दस स्थानों की जियारत सऊदी अरब सरकार द्वारा करवाई जायेगी। श्री रिजवी ने इस यात्रा पर रवाना होने से पूर्व कहा कि ये मेरे तथा मेरे राज्य उत्तराखण्ड के लिये सौभाग्य का अवसर है। इस मौके पर वहां वो मुकद्दस स्थानों पर अपने देश एवं प्रदेश की एकता, अखण्डता, अम्नो शान्ति, भाईचारगी, तरक्की और खुशहाली के लिये दुआयें करेंगे।

# ठुकराल ने श्रीमद् भागवत कथा में लिया आशीर्वाद

रुद्रपुर।ग्राम मकरंदपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पावन अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंचकर कथा श्रवण किया और आयोजन को सामाजिक व आध्यात्मिक चेतना का उत्तम माध्यम बताया। उन्होंने व्यास गद्दी पर विराजमान कथावाचक सनथ कृष्ण दास जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और आयोजन समिति की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथावाचक श्री सनथ कृष्ण दास जी ने श्रीकृष्ण के जीवन, उनके बाल्यकाल की लीलाओं और गीता उपदेश के माध्यम से भक्तों को धर्म, भक्ति और कर्म की महत्ता समझाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा श्रीमद् भागवत कथा मात्र एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह हमारी सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और आत्मिक शुद्धि का जीवंत उदाहरण है। आज जब समाज में भागदौड़ और तनाव का माहौल है, ऐसे आयोजनों के माध्यम से शांति, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। श्रीकृष्ण का जीवन हमें यह सिखाता है कि धर्म और



सत्य के मार्ग पर चलना ही सच्ची भक्ति है। गीता का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना महाभारत काल में था। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि गांव में इस तरह के आयोजन सांस्कृतिक चेतना को जागृत करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दें। कार्यक्रम में हरेन्द्र नाथ हाल्दार, दिलीप सरकार, डॉ. प्रदीप राय, संजय मंडल, संजय हाल्दार, शुभाकर ठेकेदार, शुभांकर राय, पिंटू, ज्योतिष, सपन घोष, विपिन, अभिमन्यु, गोविंद, फनी सरकार, नीलकमल, विजय वाजपेयी, ललित सिंह बिष्ट, आनंद शर्मा, रमेन विश्वास समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यक आयोग ने दस शिकायतों का किया निस्तारण

देहरादून (उद संवाददाता)। अल्पसंख्यक आयोग की आयोजित हुई बैठक में 29 शिकायतों पर सुनवाई के पश्चात 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया। श्रीमती फरजाना बेगम उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में मौ० तस्लीम, नफीस अहमद, शारिक मलिक, येशी थूष्थेन, गगनदीप सिंह बेदी, सदस्यगण जे.एस. रावत, सचिव, अल्पसंख्यक आयोग एवं श्रीमती शमा प्रवीन, वैयक्तिक सहायक, अल्पसंख्यक आयोग, उपस्थित रहे। सुनवाई में देहरादून निवासी श्रीमती शमा परवीन की सुनवाई में उपस्थित न होने पर मुख्य शिक्षा अधिकारी को आयोग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के अन्दर अपने स्पष्टीकरण सहित आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है। श्रीमती मंजू रानी देहरादून के शिकायती प्रकरण में सुनवाई के बाद आयोग द्वारा निर्णय लिया गया कि राजस्व विभाग व एमडीडीए द्वारा बिना स्थलीय निरीक्षण के दाखिल खारिज की कार्यवाही व नक्शा पास किया गया है। यह एक गम्भीर विषय है, जिममें जिलाधिकारी, देहरादून को निर्देश दिये गये कि उपजिलाधिकारी, सदर देहरादून की अध्यक्षता में जांच समिति गठित कराते हुए नियमानुसार शिकायतकर्ता को न्याय प्रदान करायें। श्रीमती रोमिना देहरादून एवं सरायत अली,देहरादून के शिकायती प्रकरण में पुलिस द्वारा श्रीमती रोमिना के प्रकरण में कोई भी कार्यवाही नहीं की गयी है, जिसमें आयोग द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र विधिसम्मत् कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। जनपद हरिद्वार में दो लड़कियों का अपहरण हुआ था, जिसमे शिकायतकर्ता अब्दुल जब्बार निवासी-खटीमा हाल निवासी भगवानपुर जिला-हरिद्वार व रिजवान निवासी सेथल, जिला बरेली, उत्तर-प्रदेश, हाल निवासी भगवानपुर जिला-हरिद्वार के बहन तथा पुत्री थी.



जिस पर आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों द्वारा जनपद हरिद्वार के थाना-भगवानपुर की पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर अपहरण की गयी लड़कियोंका पता लगाते हुए एक नाबालिक लड़की को बरामत कर उसके परिवारजनों के सुपुर्द की गयी, भगवानपुर पुलिस का यह कार्य सराहनीय है और वह इसके लिए बधाई के पात्र है।

# केशव सूर्यमुखी कॉलेज में मनाया स्वास्थ्य और फार्मेसी दिवस


शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। ग्राम कुशमोंठ, सितारगंज स्थित केशव सूर्यमुखी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, जो




उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद, रुड़की से सम्बद्ध है, में विश्व फार्मेसी दिवस बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर डी. फार्मा के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और नाट्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आयुष सहगल, एस.एच. हॉस्पिटल, सितारगंज ने स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों और अतिथियों को दवा के सही उपयोग, बीमारी की सटीक पहचान, सही खुराक, वैक्सीनेशन और जीवन में उचित उपचार की जानकारी प्रदान की, जो सभी के लिए प्रेरणादायक साबित हुई।इस मौके पर कॉलेज की प्रबंधक श्रीमती निधि सिंह, प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार दास, फार्मेसी प्रधानाचार्य श्री नव कुमार साना, और शिक्षक गण सहित सभी छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। छात्रों ने फार्मेसी विज्ञान एवं स्वास्थ्य शिक्षा के महत्व को उजागर करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि छात्रों में फार्मेसी के क्षेत्र में ज्ञान और जिम्मेदारी की भावना को भी प्रबल किया।

# जयंत मंडल के रावण रूप ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। भारत माता पार्क में आयोजित श्रीरामलीला मंचन का छठा दिन इस बार दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया। मंच पर रावण का किरदार निभा रहे शिक्षक जयंत मंडल ने पिछले 29 वर्षों से इस भूमिका में अपनी अदाकारी से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। उनकी भावपूर्ण अभिनय, सशक्त संवाद और साम्राज्यिक उपस्थिति ने रामलीला को एक जीवंत महाकाव्य का स्वरूप प्रदान किया। रामलीला के इस दिन मंचित सीता हरण लीला में जयंत मंडल का प्रदर्शन पूरी तरह दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। रावण की क्रूरता, विद्वत्ता और शक्ति को उन्होंने इतनी वास्तविकता और प्रभावशाली



अंदाज में प्रस्तुत किया कि पूरे पंडाल में तालियों और जयकारों की गूंज गूंज उठी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई उनके अभिनय का दीवाना हो गया। मंच पर उनके क्रोध और शक्ति के विपरीत, वास्तविक जीवन में शिक्षक जयंत मंडल सरल, सौम्य, हंसमुख और मिलनसार हैं। खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी गहरी रुचि और बहुमुखी प्रतिभा उनके व्यक्तित्व को और भी खास बनाती है। यही समर्पण और अनुभव उन्हें दशकों से इस भूमिका में सर्वश्रेष्ठ बनाए हुए है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सितारगंज विधानसभा से पूर्व विधायक प्रत्याशी नवतेज पाल और विशिष्ट अतिथि युवा व्यापारी संदीप अग्रवाल उपस्थित रहे। अतिथियोंने मंचन की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन समाज में परंपराओं और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अनमोल अवसर हैं। दर्शकों की प्रतिक्रियाएँ भी अभूतपूर्व रहीं।

## पेज एक का शेष...

**धामी ने कहा सनातन...**न्यायालय के समक्ष चलता है और सजा अथवा रिहाई संबंधी निर्णय भी न्यायालय ही करता है।

**सवाल:** धामी जी पहले भी ऐसे मामले हाईकोर्ट तक गए है?

**जवाब:** जी बिल्कुल,सन् 2022 में भी सीबीआई जांच हेतु उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी, जो उस समय खारिज कर दी गई थी। वर्तमान प्रकरण में एसआईटी जांच पूर्ण होने के पश्चात आयोग के विवेकाधिकार अनुसार जांच किसी अन्य एजेंसी को सौंपने पर निर्णय लिया जा सकता है। समुचित दस्तावेजीकरण एवं प्रक्रियाओं के पश्चात ही जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

**सवाल :** ये अभ्यर्थियों के आंदोलन को लेकर आप क्या सोचते है ?

**जवाब:** अपने देखा है कि स्वाभिमान मोर्चा, बेरोजगार संघ के आंदोलन परजीवी, भोले-भाले युवाओं/छात्रों को बरगलाकर कांग्रेस की रिक्रूटमेंट एजेंसी की तरह काम कर रहे हैं। ये ऐसे तत्व है जिन्होंने कभी कोई परीक्षा नहीं दी, अभ्यर्थियों के कंधे पर चढ़ कर ये अपनी राजनीतिक भूमि तलाश रहे है। अब सबने देख लिया इनके भीतर टुकड़े टुकड़े गैंग, शाइन बाग गैंग, जेएनयू,जामिया गैंग के लोग दिखाई दे रहे है। जो देवभूमि की राष्ट्रभक्त,सनातन संस्कृति को डेमेज करने के षडयंत्र रच रहे है। यहां के लोगों का अपमान कर रहे है। आपको ऐसा नहीं लग रहा है कि पहले बेरोजगार संघ और स्वाभिमान मोर्चा छात्रों युवाओं को उकसाएगा, उसके बाद एनएसयूआई की एंट्री होगी तथा उसके बाद यूथ कांग्रेस और कांग्रेस के माध्यम से अपनी-अपनी नेतागिरी चमकाई जाएगी।

**सवाल:** आप इस पर क्या चाहते है ?

**जवाब:** देखिए मैं सभी युवा साथियों से अपील करता हूँ कि वे यह तय करें कि उनके आंदोलन का नेतृत्व वास्तव में कौन कर रहा है? कुछ लोग ऐसे हैं जो युवाओं को सड़कों पर लाकर अपना स्वार्थ सिद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं, जिनका न तो युवाओं से और न ही भर्ती प्रक्रिया से कोई लेना-देना है।

मैने भी छात्र राजनीति की है मैं भी छात्र हित के लिए आंदोलन करता रहा हूं।लेकिन कभी हम राष्ट्र के ,सनातन के खिलाफ नहीं गए।

**सवाल:** सरकार का इनके साथ संवाद हुआ ?

**जवाब:** देखिए . हमारी प्रतिबद्धता साफ है,जैसे हमने नकल विरोधी कानून बनाकर राज्य में अब तक 25,000 से अधिक नियुक्तियाँ पूरी तरह पारदर्शी तरीके से की हैं, उसी प्रकार आगे भी करेंगे। हाल ही में जो घटना सामने आई है, उसकी गहन जाँच के लिए हमारी सरकार ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एस.आई.टी. का गठन किया है। एसआईटी द्वारा जो भी निर्णय लिया जाएगा, वो निश्चित रूप से छात्रों और युवाओं के हित में होगा और सरकार के लिए बाध्यकारी होगा। परन्तु ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग छात्रों की आड़ में सरकार को निशाना बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हमने अपने युवा साथियों से निवेदन किया कि वे ऐसे लोगों से सावधान रहें और इनके बहकावे में न आएं। हमने डीएम एसएसपी को संवाद करने के लिए लगाया है अन्य उच्च अधिकारी भी बातचीत में लगे हुए है। लेकिन जब आंदोलन राजनीतिक स्वार्थी तत्वों और विपक्ष की कठपुतली बन जाता है तब निर्णय सामने वाला नहीं पर्दे के पीछे के लोग करते है। हमने पर्दा हटाया तो कौन लोग दिखाई दिए, कांग्रेस के टूल किट्स, भारत माता के टुकड़े टुकड़े की बात करने वाला गैंग, शाइन बाग में जेएनयू जामिया में राष्ट्र विरोधी भगवा सनातन विरोधी गैंग। इन्हें युवा छात्र ही पहचानने लगे है।

**सवाल:** कुछ और जानकारी जो आप देना चाहें

**जवाब:** देखिए उत्तराखंड की जनता राष्ट्रवादी है, यहां देवो का स्थान सनातन में सर्वोपरि है, अभ्यर्थी भी जब परीक्षा देने जाता है तो आराध्य देव के आगे विश्वास से ,आस्था से माथा टेक कर जाता है।हमारी सरकार ने हमेशा सनातन संस्कृति को ऊपर रख कर इस देवभूमि की सेवा की है जोकि कांग्रेस को वामपंथियों को रास नहीं आ रही है। ये पहले भी यहां मुस्लिम यूनिवर्सिटी की बात करते थे, डेमोग्राफी चेंज को बढ़ावा देते रहे, मजार जिहाद,थूक जिहाद, लव जिहाद,लैंड जिहाद पर मुंह सिल लेते है, वोट बैंक की , तुष्टिकरण की राजनीति से इनका दिल नहीं भरता अब नकल जेहाद का सहारा लेकर प्रपंच रचा है। नकल को पेयर लीक बता रहे है। नकल करने वाला आरोपी कौन है जो जेल गया। ये उत्तराखंड में ये विचारधारा की लड़ाई है जिसे राष्ट्रवादी,सनातन वादी देवतुल्य जनता को समझना होगा।

**छात्र संघ चुनाव ....**टूक शब्दों में कहा कि मतदान और मतगणना की प्रतिक्रिया को शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। कॉलेज परिसर के आसपास धारा 163 भी लगाई गई थी। गैरतलब हो कि कॉलेज में 11 पदों के लिए कुल 58 प्रत्याशी मैदान में है। जिनमें अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के अभिषेक गोस्वामी व एनएसयूआई के कमल बोरा के बीच सीधा मुकाबला है। मतदान के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में लिया है। आरोप है कि यह युवक किसी और छात्र का वोट डालने आया था। **रूद्रपुर**- सरदार भगत सिंह राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को छात्र संघ के चुनाव के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हुआ। इस दौरान कालेज गेट पर महाविद्यालय प्रवेश करने वाले सभी छात्र छात्राओं की सघन चैकिंग की गई तो वहीं उनके परिचय पत्रों की भी जांच की गई। मतदान प्रात: 9 बजे से प्रारम्भ होकर दोपहर 2 बजे तक चला। जिसमें हजारों विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। महाविद्यालय के बाहर सभी पदों के प्रत्याशियों के समर्थक चुनाव प्रचार करते दिखाई दिये तो महाविद्यालय परिसर में सभी प्रत्याशी मतदान करने आते छात्र छात्राओं के हाथ जोड़कर व पैर छूकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते दिखाई दिये। इस दौरान एक छात्र को पुलिस ने कालेज गेट पर चैकिंग करते फर्जी मतदान करने जाते पकड़ लिया लेकिन वह पुलिस की चंगुल से बचकर भागने में कामयाब हो गया। मतदान के दौरान पुलिस अधिकारी महाविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। मतदान के बाद आज मतगणना कर देर सायं चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी जायेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रो. सर्वजीत सिंह व सहायक चुनाव अधिकारी डा. आशा राणा तथा डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद पर नागेन्द्र गंगवार व रजत सिंह बिष्ट के मध्य, उपाध्यक्ष छात्र पद पर चेतन भट्ट व मो. नाजिश के मध्य, उपाध्यक्ष छात्रा पद पर गायत्री टम्टा व सोनिया मण्डल के मध्य, सचिव पद पर जसवंत सिंह व नक्श देव सिंह के मध्य, संयुक्त सचिव पद पर आदित्य शर्मा, कृष्णा मिस्त्री, मोहन कोली व राघवेन्द्र प्रताप सिंह के मध्य, कोषाध्यक्ष पद पर अभिषेक राय, आवेश पाल व प्रदीप कुमार के मध्य, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर मो. अरबाज व मोहित चन्द्र भट्ट के मध्य, सांस्कृतिक सचिव पद पर आकांक्षा चौधरी व जीवन चन्द्र भट्ट के मध्य, कला संकाय प्रतिनिधि पद पर अंशु कुमारी, पूजा कुड़ाई व सुनील के मध्य, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि पद पर कोमल दांगी व धीरज जोशी के मध्य तथा वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि पद पर दक्ष कालरा व अंश सागर के मध्य चुनाव कराया गया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में कुल 8551 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। जिनमें अधिकांश को परिचय पत्र वितरित कर दिये गये हैं। आज भी कालेज गेट पर परिचय पत्र बनाये गये। कालेज में मतदान के दौरान एसपी क्राईम निहारिका तोमर, सीओ प्रशांत कुमार, कोतवाल मनोज रतूड़ी सहित तमाम पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दियाा निर्देश देते रहे। अब सभी प्रत्याशियों की नजरें सायंकाल घोषित होने वाले चुनाव परिणाम की ओर लगी हुई हैं। **रामनगर**- शनिवार को रामनगर स्थित पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव के मद्देनजर छात्र-छात्राओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सुबह 8 बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया दोपहर 2 बजे तक जारी रही। इस बार छात्र संघ चुनाव में उपाध्यक्ष, छात्रा उपाध्यक्ष सहित पांच पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध चुने गये है वहीं, तीन संकाय प्रतिनिधि पदों के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया है। महाविद्यालय के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि छात्र उपाध्यक्ष मनोज पांडे, छात्रा उपाध्यक्ष खुशी कश्यप, कोषाध्यक्ष सक्रांत सिंह, सांस्कृतिक सचिव कृतिका मंदोलिया और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि रोहित नेगी निर्विरोध चुने जायेंगे। वहीं, अध्यक्ष पद पर चुनावी लड़ाई कड़ी है। इस पद के लिए कुल छह उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नितेश शर्मा और जन एस यू आइ के दीपक सिंह रावत के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। सचिव पद के लिए भी मनीष जोशी और विजय बिष्ट के बीच सीधा मुकाबला होगा। चुनाव के दौरान पुलिस और प्रशासन का विशेष ध्यान रखा गया है। एसडीएम प्रमोद कुमार, सीओ सुमित पांडे तथा प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. मोहन चंद पांडे पूरी सतर्कता के साथ चुनावी प्रक्रिया पर नजर बनाए हुए हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। **काशीपुर**-राधेहरि पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव को लेकर शनिवार को गहमा गहमी के बीच मतदान हुआ। छात्र-छात्राएं भारी उत्साह के साथ समय से पहले ही कॉलेज गेट पर पहुंच गए। परिचय पत्र जांचने और चेकिंग के बाद ही मतदाताओं को प्रवेश दियागया। मतदान शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए गेट पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान सीओ दीपक सिंह ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। छात्रसंघ निर्वाचन अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि मतदान शांति पूर्वक शुरू हो गया है। बताया कि कॉलेज में 6568 मतदाता है। 13 बूथों पर मतदान किया गया। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक मतदान के बाद 3 बजे से मतगणना शुरू होगी। देर रात तक विजयी प्रत्याशियों को शपथ ग्रहण कराई जाएगी।

**फैक्ट्री में श्रमिक...**चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। इस पर मृतक का साला सत्यवीर और पुत्र अमित समेत अन्य परिजन पहुंच गए। पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु का सही कारण पता चलेगा। उधर मृतक का साला सत्यवीर ने बताया कि जौहरी लाल की अक्सर नाईट में ही ड्यूटी रहती थी। बताया कि तबियत तो कभी खराब नहीं रही। मृतक के चार बच्चे हैं। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)







# तेरे दरबार में मैया खुशी मिलती है

## श्री दुर्गा मंदिर में सजी मां भगवती की चौकी, भजन कीर्तनों से किया गुणगान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री दुर्गा मंदिर में पावन नवरात्रि के चौथे दिवस पर मां भगवती की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय भजन गायक कलाकारों ने मां के भजन गाकर मां की महिमा का गुणगान किया। सर्वप्रथम पंड़ित नवीन शास्त्री द्वारा जजमानों रमेश मिड्ढ़ा परिवार एवं बहादुर परिवार के वीना देवी, लोकेश कुमार, मंजू अरोरा, अनिल कुमार, गौरिका अरोरा, बबीता, ममता खेड़ा, डौली चिलाना, पंकज खेड़ा, आर्यन अरोरा, अमन अरोरा एवं उनके परिवारजनों के साथ मां की विधिवत



पूजा अर्चना करवाई। तत्पश्चात अमित अरोरा ने गुरू वंदना, मां का आव्हान, गणेश वन्दना के बाद फूलों की वर्षा के भजन गार्ये। तत्पश्चात भजन गायक हिमांशु राणा ने ऐ शम्भू बाबा मेरे भोले नाथ तीनों लोक में ही तूं ही तूं, जो कर न सका कोई काम चुनरिया कर जायेगी, मेला मैया दा आंदा है हर साल, दिल करदा जी मेरा दिल करदा तेरे भवनां ते रात बितावां, मैं जांदा पिया सी दरबार रस्ते विच मां मिल गई आदि भजन गाकर मां की महिमा का गुण गान किया। इस दौरान सारा वातावरण मां के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रेनू अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरशरण बब्बर, किशन नारंग, जुगनू, कृष्ण मुरारी धीर, पवन गाबा, श्वेता गाबा, मुदित गाबा, अंजू ठक्कर, मंजू बाम्बा,आशा गाबा, मंजू बब्बर, वेद ठुकराल, श्याम मदान, कन्हैया लाल, कमल चिलाना, राजकुमार जिंदल, बीना वर्मा, प्रवीण गुलाटी, नीलम गुलाटी, एससी सिंघल, सन्नी बत्रा, सतीश नारंग, पिंकी गोस्वामी, रिद्धिमा गुप्ता, अनुष्का पुरी, पूनम अग्रवाल, कुसुम जग्गा, कनिका गुम्बर, अंजू, अंजनी मिश्रा, चन्दर अरोरा, आरके वर्मा, श्याम मदान, संजीव छावड़ा, योगेश गांधी, दीपक बठला, अमित गाबा, आरके वर्मा, सुमन लता, गीता गुप्ता, सुभाष ठुकराल, पूनम नागपाल, किरन भाटिया, इन्द्रा यादव, आंचल यादव, मनोरमा देवल, किरन अरोरा, रजनी नारंग आदि मौजूद थे।










# सूर्पनखा की कटी नाक,खर दूषण का हुआ वध

रूद्रपुर।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के आठवें दिन लीला का शुभारंभ रुद्रपुर गुरुद्वारा सिंह सभा रुद्रपुर के पूर्व अध्यक्ष स. जसविंदर सिंह खरबन्दा 'लकी', स हरविंदर सिंह 'हरजी', समाजसेवी चंद्रकांत अरोरा एवं सर्व गौड़ मंगलदास द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि हम हर वर्ष हम रामलीला का मंचन इसलिए देखते हैं कि हमारी संस्कृति और विरासत हम अपने आने वाली पीढ़ी को बता सकें और ये हमारी परम्पराएँ ऐसी ही आगे साल दर साल चलती रहें, उन्होने श्री शिव नाटक क्लब को इस भव्य आयोजन हेतु बधाई प्रेषित की । स. जसविंदर सिंह खरबन्दा 'लकी' ने प्रभु श्री रामलीला मंचन देखने आए हुए सभी भक्तों का धन्यवाद किया और प्रभु श्री राम जी के आदर्शों पर चलने का आव्हायन किया श्री शिव नाटक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। रामलीला के मंचन में स्वरूपनखा नकटी, खर दूषण वध,रावण दरबार एवं रावण मारीच संवाद तक की लीला का मंचन किया गया, जिसमें स्वरूपनखा भूमिका गर्व गुलाटी, राम गौरव अरोरा,लक्ष्मण रवि कक्कड़,सीता नैतिक तनेजा,खर विजय परुथी,दूषण बिट्टू अरोरा, रावण अंशुल गुलाटी, मंत्री भारत हुड़िया, पंकज कालरा एवं मारीच की भूमिका नरेश घई ने निभाई ।मंच संचालन जॉली कक्कड़ द्वारा किया गया । आज के मंचन में सीता हरण, राम विलाप ,जटायु वध ,शबरी से भेंट एवं रामसुग्रीव मित्रता तक के लीला का मंचन किया जाएगा।

